तेलियरगंजमें पावर ट्रान्सफार्मर का तेल लीक, बिजली-पानीको तरसे लोग

दर्जनों मोहल्ले रहे प्रभावित, मरम्मत कार्यके चलते भी कटी बिजली

नगरवासियों को बिजली के फाल्ट व मरम्मत के कार्य के चलते बिजली संकट से राहत नहीं मिल पा रही है। तेलियरगंज विद्युत उपकेन्द्र के बिजली घर का पावर ट्रान्सफार्मर का तेल लीक होने से दर्जनों मोहल्लों में शाम को घंटों बिजली पानी का संकट बना रहा है। शाम को त्योहारों के मद्देनजर विद्युत उपकेन्द्र पर बिजली उपकरणों की जांच अधिकारी और कर्मचारी कर रहे थे। इसी दौरान एक पावर ट्रान्सफार्मर से तेल लीक होते दिखा। इसके बाद पावर ट्रान्सफार्मर को बंद कर मरम्मत का कार्य शुरू किया। शाम चार बजे बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद देर रात मरम्मत के बाद इलाके की बिजली आपूर्ति बहाल होने पर लोगों को राहत मिल सकी। नवरात्र एवं दुर्गा पूजा पर्व आरम्भ हो गया है। इसके बावजूद पूरे दिन लोगों को बिजली पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। सुबह ग्यारह बजते ही नगर के विद्युत उपकेन्द्रों फोर्टरोड, दारागंज, टैगोर टाउन, जार्जटाउन, तेलियरगंज, गोविंदपुर, बेली, म्योहाल, अशोक नगर, रामबाग, गऊघाट, सिविल लाइंस, खुसरोबाग, कल्याणी देवी, करेली, करेलाबाग, कानपुर रोड, बमरौली, कसारी मसारी से जुड़े इलाकों में बिजली गुल हो जाती है। शाम तक लोग बिजली के आने जाने का इंतजार करते हैं। शाम को जैसे तैसे बिजली आपूर्ति बहाल होती है। फिर बिजली लाइनों के ट्रिप होने से लोगों को परेशान होना पड़ता है। घंटों रोजाना कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में न्यू खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े डफरिन फीडर, दायराशाह अजमल फीडर से जुड़े इलाकों में सुबह दो-दो घंटे, काटजू रोड फीडर, बैदनटोला फीडर, मरकरी फीडर से जुड़े इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही है। ओल्ड खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े फीडर बेनीगंज फीडर और विद्युत उपकेन्द्र पर मरम्मत के कार्य चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही है। इस समय जगह जगह ढीले हो चुके तारों को कसा जा रहा है। इन इलाकों में रामदल निकलने और भव्य दुर्गा पूजा के पण्डाल सजाये जाते हैं। लाइटिंग से पूरे इलाके जगमगाते रहते हैं। ऐसे में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति बनाये रखने के लिए बिजली के जरूरी मरम्मत कार्य निर्धारित किये गये हैं। मरम्मत कार्य के दौरान पूरे दिन बिजली के आने जाने से लोग परेशान रहे हैं। बिजली के आये दिन होने फाल्ट के चलते नगर के गली मोहल्लों में लोग परेशान रहते हैं। वहीं अब अब आगामी त्योहारों को लेकर बिजली के चलने वाले मरम्मत के कार्य के चलते दुश्वारियां बढ़ी हुई है। सुबह अचानक विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में ग्यारह बजते ही बिजली कटौती हो जाती है। इसके बाद बिजली कब आयेगी, यह बताने वाला कोई नहीं होता है। उमस भरी गर्मी मे बेहाल होने पर लोग फोन कर उपकेन्द्रों पर हाल लेने की कोशिश करते हैं तो कर्मचारियों द्वारा जरूरी मरम्मत के कार्य का हवाला दिया जाता है। इस दौरान सुबह से शाम तक लोग पानी की किल्लत से जूझते रहते है।

संविदा कर्मियोंका कार्य बहिष्कार, मांगोंपर अड़े

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों, सीएचओ, एएनएम और डाक्टरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शुरू हुआ आंदोलन बुधवार को भी पूरी तरह जारी रहा। लखनऊ में आयोजित धरना-प्रदर्शन के समर्थन में स्थानीय स्तर पर भी स्वास्थ्य व्यवस्था पर इसका व्यापक असर देखने को मिला। बेली, काल्विन के साथ-साथ विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कर्मचारियों ने पूर्ण कार्य बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज कराया। संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के आवाहन पर चल रहे आंदोलन में कर्मचारियों ने कहा का कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। संघ के उपाध्यक्ष डा. आनंद त्रिपाठी ने बताया कि जिले में एनएचएम के लगभग १५ हजार कर्मचारी विभिन्न पदों पर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांगो में समान कार्य समान वेतन, नियमतीकरण, न्यूनतम वेतन, उचित एवं स्वीकार्य निष्पक्ष ट्रांसफर पालिसी, ईपीएफ, ईएसआई और पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा शामिल है।

घरमें लगी आगसे फटा सिलेंडर, अफरातफरी

कल्याणी देवी मंदिरके पासकी घटना, फायर ब्रिगेडकी टीमने आगपर पाया काबू

अतरसुइया थाना क्षेत्र के चौधरी गार्डेन के समीप स्थित एक मकान में बुधवार शाम आग लग गई। इस दौरान गैस सिलेंडर फट गया, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे फायरकर्मियों ने अतरसुइया पुलिस की मदद से करीब ४५ मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग किन कारणों से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन शार्ट सर्किट से घटना होने की आशंका जताई जा रही है।

अतरसुइया थानांतर्गत कल्याणी देवी मंदिर के पास रेखा खन्ना रहती हैं। बुधवार दोपहर घर में कोई नहीं था। उसी समय अचानक आसपास के लोगों ने घर के भीतर से धुआं उठता देखा। अभी कोई कुछ समझ पाता, तेज धमाका हुआ। इससे आसपास के घरों में रहने वाले लोग घबरा गए और घरों से निकलकर दूर हट गए। खबर पाकर रेखा खन्ना के साथ ही फायरकर्मी राकेश तिवारी, राकेश चौबे, अजीत सिंह, दीपक, शशांक चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में आग पर काबू पाया गया।



फायरकर्मी भीतर दाखिल हुए तो रसोई घर के छत व दीवारों के प्लास्टर गिरे थे। गैस सिलिंडर के टुकड़े पड़े थे। दो और सिलिंडर रखे थे, लेकिन वह रसोई के बाहर थे। तत्काल दोनों को हटाया गया। फायरकर्मी राकेश तिवारी ने बताया कि सिर्फ रसोई घर में ही लगी थी। संयोग ही था कि सिलिंडर फटने के बाद आग विकराल नहीं हुई, अन्यथा बड़ा नुकसान हो जाता।

सफाई कर्मियोंने नगर निगमके नोटिस बोर्डपर चस्पा किया मांग पत्र

एक्टू से जुड़े सफाई मजदूर एकता मंच के सफाई कर्मचारियों ने १४ सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन बुधवार को नगर निगम में धरना प्रदर्शन कियौ फिर पत्थर-गिरजाघर होते हुए सिविल लाइंस सुभाष चौराहे तक जुलूस निकालकर अपना विरोध प्रकट किया। आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए प्रदर्शनरत् यूनियन द्वारा १४ सूत्रीय ज्ञापन लेने के लिए कोई सक्षम अधिकारी भी नहीं गया न ही मिला। जिससे यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा नगर निगम के नोटिस बोर्ड पर अपना ज्ञापन चस्पा दिया गया। अब ४८ घंटे बाद कर्मचारी यूनियन को वार्ता पर नहीं बुलाए जाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। इसकी घोषणा धरना प्रदर्शन में यूनियन के नेताओं ने की। धरना-प्रदर्शन में मंच के अध्यक्ष बलराम पटेल, उपाध्यक्ष रोशनी लता, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पटेल, उपसचिव प्रेमचंद, सदस्य राम अजोरपाल, अनिरुद्ध पाल, रोशन, अजय कौशिक, ज्ञान देवी, रीता, गायत्री, मीना इत्यादि रहे।

त्योहारोंपर नयी दिल्ली-पटनाके बीच चलेगी वंदे भारत

रेल प्रशासन द्वारा पूजा पर्व-२०२६ के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। त्योहारों पर नई दिल्ली-पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलेगी।

गाड़ी संख्या-०२२५२ और ०२२५१ नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत एक्सप्रेस त्योहार विशेष ट्रेन का संचालन होगा।

गाड़ी संख्या ०२२५२ नई दिल्ली-पटना आरक्षित वंदे भारत एक्सप्रेस १६ एवं १८ अक्तूबर को दो फेरे जबकि गाड़ी संख्या ०२२५१ पटना-नई दिल्ली, १७ एवं १९ अक्तूबर को दो फेरे लगायेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या ०२२५२ नई दिल्ली-पटना प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार २१ अक्तूबर से २५ नवम्बर तक १६ फेरे और गाड़ी संख्या ०२२५१ पटना-नई दिल्ली प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार २२ अक्तूबर से २६ नवम्बर २०२६ तक १६ फेरे लगायेगी। वहीं गाड़ी संख्या ०६१३९ और ०६१४० पोतनूर-बरौनी-पोतनूर विशेष ट्रेन चलेगी। गाड़ी सं ०६१३९ पोतनूर से १६ अक्तूबर शुक्रवार और गाड़ी संख्या-०६१४० बरौनी से १९ अक्तूबर सोमवार को एक-एक फेरा लगायेगी।

गाड़ी संख्या ०३४३९ और ०३४४० मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन विशेष ट्रेन का एक-एक फेरा लगायेगी। गाड़ी संख्या ०३४३९ मालदा टाउन से १६ अक्तूबर शुक्रवार और गाड़ी संख्या ०३४४० शकूरबस्ती से १७ अक्तूबर शनिवार को चलेगी। गाड़ी संख्या ०८४२३ खुर्दा रोड-शकूरबस्ती पूजा विशेष वनवे ट्रेन शुक्रवार १६ अक्तूबर को चलेगी।

विभिन्न रेलवे स्टेशनोंपर स्वच्छता जागरूकताके लिए किया संवाद

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा-२०२६ के अंतर्गत मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संवाद एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल, उप मुख्य यातायात प्रबंधक अकांशु गोविल ने स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों में सहभागिता करते हुए यात्रियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया तथा रेलवे परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए प्रेरित कर स्वच्छता संवाद अभियान की शुरुआत की। इसी क्रम में प्रयागराज छिवकी, अलीगढ़ जंक्शन एवं टूंडला जंक्शन रेलवे स्टेशनों पर भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संवाद एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गयीं। प्रयागराज छिवकी स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार एवं सफाई पर्यवेक्षक संजय पाण्डेय के नेतृत्व में यात्रियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा स्टेशन परिसर को साफ-सुथरा बनाये रखने में सक्रिय सहयोग की अपील की गयी।

मुख्य चुनाव आयुक्तके इस्तीफेकी मांग, छात्रोंने निकाला मशाल जुलूस

आंदोलन जारी रखनेका एलान, पुलिससे धक्कामुक्की



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को छात्रों ने मशाल जुलूस निकाला। छात्रसंघ भवन से शुरू हुआ जुलूस शहीद चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा तक पहुंचा। इस दौरान छात्रों ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की मांग की। जुलूस निकाल रहे इविवि के वर्तमान एवं पुरा छात्रों से पुलिस से धक्कामुक्की हो गयी। पुलिस ने जुलूस निकालने से रोकने की कोशिश की लेकिन छात्र नहीं रुके

छात्र नेता राहुल पटेल और विजयकांत ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया पर निर्भर करती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की भूमिका पर सवाल उठने लगें तो युवाओं और छात्रों का चुप रहना संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पद पर रहते हुए निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद नहीं की जा सकती। छात्र नेताओं ने कहा कि संविधान की रक्षा और जनता के मताधिकार की सुरक्षा के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखने का एलान किया। कटरा के पास पुलिस ने मशाल जुलूस रोकने की कोशिश की। लेकिन छात्र नहीं माने और पुलिस से छीना झपटी हुई। मशाल जुलूस में राघवेंद्र यादव, प्रियांशु, हरेंद्र यादव, नवनीत कुमार, हीरेंद्र पटेल, गौरव गोंड, मनदीप चौधरी, अंश, अभिषेक, अनुराग और दीपेंद्र समेत सैकड़ों छात्र शामिल रहे। वहीं समाजवादी छात्र सभा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पत्थर गिरजाघर से मशाल जुलूस निकाला। शिवा केसरवानी महानगर अध्यक्ष सछास ने कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार स्तीफा नहीं दते तो हमल लोग बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।इस दौरान अखिलेश गुप्ता गुड्डू, शिवा बागी, आशुतोष यादव, सद्दाम अंसारी, सैय्यद राजिक आदि मौजूद रहे।

पूर्व पार्षद राजेश निषाद बने भाजपा पिछड़ा मोर्चाके महानगर अध्यक्ष



पूर्व पार्षद राजेश निषाद उर्फ पप्पू निषाद को भाजपा पिछड़ा मोर्चा का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजेश ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता सहित प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने दायित्व का भली भांति निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। कहा कि यह समय पिछड़ी जाति अच्छा स्वर्णिम समय है।

मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश निषाद प्रयागराज के धार्मिक क्षेत्र दारागंज के निवासी पूर्व पार्षद और भाजपा के कई अन्य दायित्व का निर्वाह करने वाले तेज तर्रार वरिष्ठ भाजपा नेता है। सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पहुंचकर मिष्ठान खिलाते हुए उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।बधाई देने वालो मे मधु चकहा, शिव मनोरथ शुक्ला,सुभाष वैश्य,भरत निषाद दिगम्बर चकहा,सोनू निषाद,राजू श्रीवास्तव,के के पाठक,गोल्डी दुबे, रवि निषाद आदि प्रमुख रहे।

आरओबी के निर्माणके लिए किया जा रहा फाउण्डेशनका काम

नगर में हाईकोर्ट के पास स्थित पानी की टंकी वाले नये रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की ओर से अभी पाइलिंग मशीनों के सहारे जमीन की खोदाई और फाउण्डेशन का काम किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो एक सप्ताह बाद पुल का पिलर बनाने का काम शुरू हो सकता है। हाईकोर्ट से प्रयागराज जंक्शन की ओर जाने वाले जर्जर पुल को तोड़कर अब सेतु निगम द्वारा नये पुल के निर्माण का काम कराया जा रहा है। यह नया आरओबी लगभग ६०० मीटर लम्बा होगा और इसे कुल १४ पिलर पर तैयार किया जायेगा। लोहे की सरिया की जालियां बनाकर फाउण्डेशन के काम को गति दी जा रही है। पुल के निर्माण के लिए खुसरोबाग और हाईकोर्ट की तरफ पाइलिंग मशीनों के जरिये खोदाई और फाउण्डेशन का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना की कुल लागत लगभग ५१.५० करोड़ रुपये है और इसे दो साल के भीतर वर्ष २०२८ तक पूरा किया जाना है। सेतु निगम के परियोजना प्रबन्धक रोहित मिश्र ने बताया कि आरओबी निर्माण के लिए अभी मशीनों के सहारे पाइलिंग-फाउण्डेशन का काम किया जा रहा है। करीब एक सप्ताह बाद पिलर बनाने का काम शुरू कराया जायेगा।

अवैध अस्पतालोंपर छापेमारी, इलाज करते मिले झोलाछाप

हास्पिटल सहित दो अन्य पैथोलाजी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे एवं ओटी सील

सोरांव एवं मऊआइमा विकास खंड में आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण एवं सीएमओ के निर्देश पर बुधवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पतालों में छापेमारी की गयी।जांच के दौरान कहीं बिना पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलाजी चलती मिली तो कहीं बिना किसी चिकित्सकीय डिग्री के झोलाछाप मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करते पकड़े गये। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सबसे पहले मलकिया, सोरांव स्थित सावित्री हास्पिटल का निरीक्षण किया गया। हास्पिटल के अंदर आरवी पैथलाजी सेंटर संचालित पाया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि इस पैथोलाजी सेंटर का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था बल्कि इसे अस्पताल के ही पंजीकरण पर चलाया जा रहा था।नियमों के उल्लंघन पर टीम ने पैथोलाजी सेंटर को तुरंत सील कर दिया। इसके पश्चात सुरभि हास्पिटल का निरीक्षण किया, इस दौरान अस्पताल में दो मरीज एडमिट थे जिनका इलाज अस्पताल प्रबंधक संतोष पटेल खुद कर रहे थे जिनके पास कोई चिकित्सकीय डिग्री नही थी,मरीजों की जान जोखिम में न पड़े इसके लिए दोनो मरीजों को कहीं अन्य अस्पताल शिफ्ट कराने का निर्देश और सुरभि अस्पताल को सील कर दिया गया। मऊआइमा में संचालित स्टार हास्पिटल में मरीजोंकी देखभाल के लिए को कुशल चिकित्सक मौजूद नहीं था। और डाक्टर की अनुपस्थिति में अस्पताल का अल्ट्रासाउण्ड सेंटर खुला हुआ था। इस गंभीर लापरवाही के चलते अल्ट्रासाउण्ड सेंटर को बंद कर दिया गया। मऊआइमा स्थित महक हास्पिटल में जांच के दौरान कोई भी एलेपैथिक चिकित्सक मौजूद नही था। यहां ८ मरीज ऐसे भर्ती थे जिनका सिजेरियन (आपरेशन) से प्रसव हुआ था। जांच में सामने आया कि डा. कामरान के पास यूनानी की डिग्री है जबकि उन्होंने अपने लेटर पैड पर गैर-कानूनी रूप से फिजिशियन एवं बाल रोग चिकित्सक अंकित कराया हुआ था। इस फर्जीवाड़े पर अस्पताल की ओटी सील कर दिया गया।इसी न्यू महक हास्पिटल मऊआइमा, सेन्ट्रल हास्पिटल मऊआइमा में वैध चिकित्सक न होने के कारण इनके उपर भी काररवाई की गयी।मऊआइमा ब्लाक में संचालित कृति डिजिटल एक्स-रे सेंटर एण्ड पैथोलाजी बिना चिकित्सक के संचालित होनके कारण सील कर दिया गया।

नवरात्रमें खानपानकी शुद्धताको लेकर छापेमारी, १५ नमूने लिये

चल रहे नवरात्र पर्व पर खानपान की शुद्धता को लेकर मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर रेलवे स्टेशेनों एवं ट्रेनों में जिले से आपूर्ति हो रहे खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता परखने के लिए बुधवार को खाद्य विभाग की टीम ने कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर जांच के लिए खाद्य पदार्थों के ११ नमूने लिये। १४.१०.२०२६ को जनपद में सघन छापेमारी की गयी। धूमनगंज स्थित टीपीनगर में मेसर्स आरके एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड में खाद्य सुरक्षा अधिकारी समला प्रसाद के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। मौके पर वाटर टेस्ट रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल प्रमाण-पत्र, हैंडलर्स मेडिकल प्रमाण-पत्र एवं स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत किया गया। साफ-सफाई संतोषजनक मिली, डी-फ्रीजर का तापमान मानक अनुरूप रहा। यहां से कुल ०५ नमूने अरहर दाल,आयोडाइज्ड नमक, कचौड़ी, मैदा, आटा गुणवत्ता के सन्देह पर

राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होनेपर राधाकांत ओझाका भव्य अभिनंदन

इण्डियन लायर्स एसोसिएशनने हाईकोर्ट बारके पूर्व अध्यक्षको पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम भेंट किया

(विधि संवाददाता)

राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा का बुधवार को ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह में अधिवक्ताओं ने उन्हें माल्यार्पण कर, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया।

इण्डियन लायर्स एसोसिएशन, उच्च न्यायालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एनसी राजवंशी ने की। इण्डियन लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया। संचालन उपाध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व महासचिव जेबी सिंह ने किया।

समारोह में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. सीपी उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष अमरेन्द्र नाथ सिंह, पूर्व महासचिव टीपी सिंह, एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन वीके सिंह तथा मुख्य चुनाव अधिकारी सैयद फरमान अहमद नकवी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मनोज निगम, बीएन मिश्र, एनसी त्रिपाठी, एसी तिवारी, पीडी त्रिपाठी, पंकज कुमार उपाध्याय, शशि प्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, आशुतोष पाण्डेय, शक्ति सिंह, ऊष्मा मिश्रा, मुकुल पाण्डेय, वंदना सिंह, दिव्या यादव आदि अधिवक्ताओं ने राधाकांत ओझा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

आरपीएफ ने प्रधानों, महिलाओं और बच्चोंको किया जागरूक

रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज रामबाग द्वारा अपराधियों पर नकेल कसने के लिए क्षेत्राधिकार में निगरानी के साथ ही जागरूकता अभियान चलाया गया।

रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक, प्रयागराज रामबाग डी एस यादव एवं टीम द्वारा क्षेत्राधिकार स्थित रेलवे स्टेशन हण्डिया खास, रामनाथपुर, झूंसी, गेट संख्या- ६७ बी, ६५ एसपीएल, ६३ सी, ६२ ए पर,स्थानीय ग्राम प्रधान, ग्रामवासियों, महिलाओं एवं बच्चों कोी विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। बताया गया कि किसी के द्वारा भी रेलवे लाइन पर पत्थर अथवा अन्य कोई चीज ना रखें, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ट्रेनों पर पत्थर ना फेंका जाय, इसके गम्भीर परिणाम हो सकते हैं, एक ओर जहां पत्थर लगने से किसी यात्री को गम्भीर चोट अथवा मृत्यु भी हो सकती है। रेलवे ट्रैक को सिर्फ समपार के रास्ते से ही पार करें, अन्य स्थानों से पार करना,एक ओर जहां बड़े हादसे का कारण बन सकता है। अपने मवेशियों को खुले में ना चरायें अन्यथा वे बेजुबान रेलवे ट्रैक पर आकर किसी ट्रेन की चपेट में आ सकते हैं। अनावश्यक रुप से खतरे की जंजीर का प्रयोग न करें। इस अभियान स्थानीय पुलिस थाना प्रभारी, सरायइनायत, सैदाबाद, झूंसी से भी समन्वय कर मदद लिया जा रहा है तथा शारदीय नवरात्र, दशहरा, दीपावली त्योहारी सीजन को लेकर समन्वय गोष्ठी की जा रही है।

कुष्ठ रोग विभागके पास फेंक रहे मेडिकल कचरा,दुर्गंधसे परेशानी

बेली अस्पताल से निकलने वाल कचरे को परिसर में ही स्थित कुष्ठ रोग विभाग के पास फेंका जा रहा है।इस कचरे से उठने वाली दुर्गंध के कारण विभाग के कर्मचारियों का दफ्तर में बैठना दूभर हो गया है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि विभाग के लगभग २५ कर्मचारियों में से कई कर्मचारी इस बदबू से बचने के लिए जानबूझकर फील्ड ड्यूटी का विकल्प चुन रहे हैं। कुष्ठ रोग विभाग की ओर से इस कूड़े को हटवाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कई बार पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कारवाई नहीं हुयी है। करीब दो माह पूर्व एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा ने बेली अस्पताल प्रशासन से कूड़ा हटवाने का सख्त निर्देश दिये थे। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने प्रशासनिक आदेशों को अनसुना करते हुए कोई ध्यान नहीं दिया। कचरे की समस्या के साथ साथ विभाग परिसर में लंबे समय से चार खराब वाहन भी लावारिस पड़े हुए हैं। रखरखाव एवं समय पर निस्तारण न होने के कारण ये चारों वाहन अब धीरे-धीरे मिट्टी में धंस चुके हैं।

पेयजल गुणवत्ताके लिए रेलवे ने करायी ४,५१४ जल नमूनों की जांच

यात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल द्वारा संचालित जल गुणवत्ता निगरानी अभियान के अंतर्गत एक माह में कुल ४,५१४ जल नमूनों की जांच की गयी। इनमें ४,१४० अवशिष्ट क्लोरीन, ३५० बैक्टीरियोलॉजिकल तथा १७ केमिकल एनालिसिस के नमूने शामिल हैं।मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने कहा कि यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना मंडल की प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक है। पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखनेके लिए नियमित जांच एवं सतत निगरानी की प्रभावी व्यवस्थाकी गयी है।

दुर्गा पूजा पण्डालोंमें पहुंच रही मां, मूर्ति स्थापना कल

नगर की बारवारी दुर्गा पूजा कमेटी के दुर्गा पूजा पण्डालों में मां की प्रतिमाएं पहुंचना शुरू हो गयी हैं। १६ अक्तूबर यानी षष्ठी को मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना होगी। शाम को पूजन के बाद मां के दर्शन के लिए पण्डालों के पट खोल दिये जायेंगे। बैरहना बारवारी दुर्गा पूजा कमेटी, जीटीबीनगर करेली की सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी, दरंभगा बारवारी दुर्गापूजा कमेटी, कटघर, साउथ मलाका, शाहगंज सहित नगर की सभी बारवारी कमेटियों की ओर तैयार दुर्गा पूजा पण्डाल में मां के आवाहन की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। कई पण्डालों में मां की प्रतिमाएं भी पहुंच चुकी है। १६ अक्तूबर को मां का आवाहन कर प्रतिमाएं स्थापित की जायेगी। वहीं १५ को आगोमनी(महिषासुर मर्दिनी) एवं अनंत मेले का आयोजन भी होगा। जीटीवी नगर सार्वजनिक दुर्गापूजा कमेटी करेली के अध्यक्ष प्रदीप दत्ता ने बताया कि १६ अक्तूबर को षष्ठी पर मां की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इससे पूर्व १५ को आनंद मेला एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। शाम सात बजे आराधना म्यूजिकल ग्रुप की ओर से सुगम संगीत का भी भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें कलाकार मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगे। मेले में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खान-पान के स्टॉल लगाए जाएंगे।

पर्वपर बढ़ेंगे फलोंके दाम

बुधवार को फलों के भावों में तेजी आयी है। मुण्डेरा सहित अन्य फल मण्डियों में सजी दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गयी। आगामी त्यौहारों को देखते हुए फलों के भाव में और अधिक तेजी आ सकती है। शारदीय नवरात्रि होने से व्रती लोगों द्वारा फलों का सेवन किया जा रहा है। हालांकि फलों पर महंगाई की मार होने के बावजूद आवश्यकतानुसार फलों की खरीद फरोख्त की जा रही है। उपाध्यक्ष प्रमोद यादव(बच्चा)ने बताया कि मुण्डेरा मण्डी में केला स्थानीय और बाहरी क्षेत्रों से आ रहा है। मण्डी में केला ३०० रुपये प्रति क्रेट(२० किग्रा) मिल रहा है। सेव की १४ किलोंकी पेटी का भाव लगभग ११ सौ रुपये था। अनार भी एक हजार से लेकर ग्यारह सौ रुपये की १० किलों की पेटी रही। डेंगू में कीवी की मांग बढ़ गयी है।

पांच वर्ष तकका कोई भी बच्चा टीकाकरणसे वंचित न होने पाये-सीडीओ

उप श्रमायुक्त एवं अल्प संख्यक कल्याण अधिकारीसे मांगा स्पष्टीकरण

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सम्बंध में अर्न्तविभागीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उप श्रमायुक्त, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ० से ५ वर्ष तक का कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित रही रहना चाहिए। सीडीओ ने जोर देते हुए कहा कि बच्चों को गम्भीर बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण बेहद आवश्यक है। टीकाकरण कार्यक्रम को व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय, ताकि आम जनता को इसके महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके। कोई भी परिवार जो अपने बच्चों को टीकाकरण से मना करें, उनको मोटिवेट करते हुए टीकाकरण करने में सहयोग करने के लिए प्रेरित करें।

नार्मलाइजेशन-रीजेक्शनके शिकार अभ्यर्थियोंका प्रदर्शन

धरनास्थलपर कहा-शिक्षा सेवा आयोगने मानवीय भूलको अपराध माना

सिविल लाइंस के पत्थर गिरजाघर स्थित धरनास्थल पर यूपीटीईटी २०२६ के नार्मलाइजेशन और रीजेक्शन के शिकार अभ्यर्थियों ने बुधवार को जमकर नारेबाजी एवं शिक्षा सेवा चयन आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

धरना के मुख्य नेतृत्वकर्ता अमित द्विवेदी 'आजाद' ने कहा कि आयोग शुरुआत से ही अपनी गलतियों को नजरअंदाज करके छात्रों की एक छोटी सी मानवीय भूल को अपराध मानकर वर्षों से लंबित पड़ी शिक्षक भर्ती निकालने के बाद छात्रों को नॉर्मलाइजेशन और रीजेक्शन का शिकार बताकर अभ्यर्थन से बाहर कर दिया है।



प्रदर्शनरत छात्रों ने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा यूपीटेट के एग्जाम में लगभग १२ प्रश्नों को गलत एवं दोहरे उत्तर वाले बनाने के बावजूद ऐसे प्रश्न निर्माताओं पर कोई कररवाई नहीं की गई, जबकि छात्रों की एक साधारण त्रुटि को बहुत बड़ा अपराध बनाकर फेल कर दिया गया और साथ ही नार्मलाइजेशन की अनुचित प्रक्रिया के कारण कट आफ से पांच-दस-पन्द्रह अंक ऊपर प्राप्त करने वाले छात्रों को भी कम अंक दे करके फेल कर दिया गया। दोपहर में आयोग के उप सचिव छात्रों से वार्ता करने पहुंचे और बताया कि छात्रों की मांगों को आयोग द्वारा इनकार कर दिया गया अर्थात छात्रों की मांगे नहीं मानी गई। आयोग की ऐसी बातें सुनकर छात्रों ने विरोध स्वरूप नारेबाजी करना शुरू कर दिया और आंदोलन के अग्रणी नेतृत्वकर्ताओं ने आंदोलन को अनशन में तब्दील कर दिया। कहा कि जब तक छात्रों की मांगे नहीं मान ली जाती और नार्मलाइजेशन और रिजेक्शन के शिकार अभ्यर्थियों को STET में अवसर नहीं दिया जाता तो यह धरना अनवरत जारी रहेगा।

पप्रदर्शनरत छात्रों में सतेंद्र यादव, चंद्र शेखर अधिकारी, विनीत चतुर्वेदी, राहुल पाण्डेय, अंकित चौधरी शम्मी कुमारी, प्रीति राव, प्रवीण तिवारी, सिंधु, सोनम, सुषमा वर्मा, अनामिका, प्रीति, मनीषा, कार्तिकेय, कमलेश, लवकुश आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

उड्डुयनके क्षेत्रमें करियरके अवसरोंके बारेमें किया जागरूक

नागरिक उड्डुयन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप और छात्रों के सुनहरे भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से, आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण प्रयागराज एयरपोर्ट द्वारा झलवा स्थित एक पब्लिक स्कूल में एक विशेष 'एविएशन करियर गाइडेंस प्रोग्राम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

विशेष रूप से विज्ञान संकाय के कक्षा ११ और १२ के छात्रों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उड्डुयन क्षेत्र में बेहतरीन करियर के अवसरों के बारे में जागरूकता फैलाना रहा। इस सत्र में कमर्शियल पायलट, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, एविएशन सिक्योरिटी और एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग जैसे महत्वपूर्ण करियर विकल्पों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गयी।

कार्यक्रम के दौरान प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक नवनीत कुमार गुप्ता ने छात्रों को एविएशन सेक्टर की बारीकियों तथा इसमें मौजूद अपार सम्भावनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर उनके साथ एयरपोर्ट के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का सुचारू संचालन प्रयागराज एयरपोर्ट के मानव संसाधन विभाग के असिस्टेंट मैनेजर आशीष कुमार कुशवाहा ने किया।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५१)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।